# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
## गुरूकुल कांगड़ी, हरिद्वार।

संख्या–65/E-1/DR(FRO)/2015-16 दिनांक 31 मई, 2016

## विज्ञप्ति

### वन क्षेत्राधिकारी (मुख्य) परीक्षा–2015 हेतु निर्देश

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **वन क्षेत्राधिकारी (मुख्य) परीक्षा–2015** के लिए आयोग की वेबसाईट पर प्रारम्भिक परीक्षा के परिणाम दिनांक 25.05.2016 में सफल अभ्यर्थियों से मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क, ई–चालान/नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड के माध्यम प्राप्त करने की कार्यवाही आयोग की वेबसाईट पर प्रारम्भ की गई है। इस संबंध में आवश्यक सूचना व तिथि निम्नवत हैं–

(1) वेबसाईट से मुख्य परीक्षा का शुल्क जमा करने के लिए ई–चालान प्राप्त करने की अंतिम तिथि **16 जून, 2016** है। परीक्षा शुल्क ई–चालान के माध्यम से एस0बी0आई0 की शाखा में बैंक समयावधि में शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि **21 जून, 2016** है। अभ्यर्थी नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड द्वारा भी परीक्षा शुल्क दिनांक **21 जून, 2016** की रात्रि **11:59:59** बजे तक जमा कर सकते हैं। मुख्य परीक्षा का शुल्क निम्नवत है–

| क्रमांक | श्रेणी/उपश्रेणी | परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य | 250/– |
| 2. | अनुसूचितजाति/अनुसूचित जनजाति/विकलांग जन | 100/– |
| 3. | अन्य पिछड़ा वर्ग/स्वतन्त्रता संग्राम सैनानी के आश्रित | 150/– |

अन्य उपश्रेणी के अभ्यर्थी अपने मूल श्रेणी के सापेक्ष शुल्क जमा करेंगे।

(2) अभ्यर्थियों को बैंक में जमा किये गये परीक्षा शुल्क की रसीद, शैक्षणिक अर्हता के अंतर्गत हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट/स्नातक परीक्षाओं के अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र/डिग्री की स्वप्रमाणित प्रतियां तथा प्रारम्भिक परीक्षा के ऑन–लाईन आवेदन में यदि किसी श्रेणी/उपश्रेणी में आरक्षण का दावा किया गया है, तो उसके समर्थन में संबंधित प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति, (ओ0बी0सी0 का प्रमाण पत्र प्रश्नगत परीक्षा के विज्ञापन दिनांक 17.11.2015 से 01 वर्ष पूर्व का नहीं होना चाहिए) तथा प्रारम्भिक परीक्षा के ऑन–लाईन आवेदन की प्रति एक लिफाफे में रखकर **सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, गुरूकुल कांगड़ी, हरिद्वार–249404** को दिनांक **01 जुलाई, 2016 के सायं 5:00 बजे** तक डाक के माध्यम से अथवा व्यक्तिगत रूप से आयोग कार्यालय में जमा करना आवश्यक है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात उक्त परीक्षा से संबंधित कोई भी लिफाफा/डाक स्वीकार नहीं की जायेगी। लिफाफे के ऊपर स्पष्ट अक्षरों में निम्न सूचना अंकित करना आवश्यक है:–

**परीक्षा का नाम– वन क्षेत्राधिकारी (मुख्य) परीक्षा–2015**

**अनुक्रमांक–**

यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थी प्रारम्भिक परीक्षा के ऑन–लाईन आवेदन की प्रति आयोग की वेबसाईट से भी दिनांक **16.06.2016** तक डाउनलोड कर सकते हैं। यह भी सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा का आयोजन हरिद्वार नगर में किया जायेगा, जिसके तिथि की सूचना समाचार पत्रों व आयोग की वेबसाईट के माध्यम से यथासमय प्रदान की जायेगी। अभ्यर्थियों को डाक के माध्यम से परीक्षा शुल्क/अनिवार्य अर्हता इत्यादि प्रमाण पत्र जमा करने के संबंध में कोई सूचना प्रेषित नहीं की जायेगी।

31.05.2016

(एस0 एन0 पाण्डे)
सचिव।